प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

21.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

पंचायत चुनाव

प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 ग्राम पंचायतों में 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में होने वाले चुनावों के लिए प्रचार लगातार जारी है। इन चुनावों के लिए सभी प्रत्याशी अपने–अपने संबंधित क्षेत्रों में मतदाताओं को रिझाने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं। पहले चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां 24 व 25 मई को रवाना होंगी। इन चुनावों में 50 लाख 79 हजार 48 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिनमें 25 लाख 67 हजार 7 सौ 70 पुरूष हैं जबकि 25 लाख 11 हजार 2 सौ 49 महिलाएं शामिल हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा इन चुनावों में प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग रंग के करीब 60 लाख मतपत्र छपवाए गए हैं। पंचायत सदस्य के लिए सफेद रंग, उप प्रधान पद के लिए पीला, प्रधान पद के लिए हल्का हरा रंग, पंचायत समिति उम्मीदवार के लिए गुलाबी और जिला परिषद उम्मीदवार के लिए हल्के नीले रंग का मत पत्र निर्धारित किया गया है।

....

चुनाव तैयारी

चंबा जिला में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव को सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। जिले की 3 सौ 19 ग्राम पंचायतों में तीन चरणों में चुनाव होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि पंचायती राज चुनावों को शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए तैयारियां जारी है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में पोलिंग पार्टियों के अलावा मतदाताओं के लिए सभी मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी जिसके लिए संबंधित विभागों को निर्देश दे दिए गए हैं। मुकेश रेपसवाल ने सभी पात्र मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

उधर सिरमौर जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने बताया कि जिले में कुल एक हजार 6 सौ 41 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं, जहां मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले में 54 मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील और 2 सौ 68 मतदान केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है। इन केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे।

....

पुण्यतिथि

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की आज 35वीं पुण्यतिथि' है। 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में आत्मघाती हमले में उनकी हत्या कर दी गई थी। हर साल ये दिन 'सद्भावना दिवस' के रूप में मनाया जाता है। नगर निगम शिमला द्वारा छोटा शिमला स्थित सद्भावना

चौक में राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री 'कर्नल धनीराम शांडिल, जगत सिंह नेगी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, विधायक हरीश जनारथा और महापौर सुरेंद्र चौहान सहित अन्य गणमान्य लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और देश की एकता व अखंडता की शपथ ली। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि राजीव गांधी के सद्भावना और विकास के दृष्टिकोण को देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि उनके दूरदर्शी विचार आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगे। वहीं शिमल स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रंद्धाजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक हरीश जनारथा ने कहा कि राजीव गांधी के सूचना प्रौद्योगिकी और पंचायतीराज व्यवस्था के लिए दिए गए योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

....